भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-146**
उत्तर देने की तारीख-01/12/2025

**सर्व शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत निधि**

†146. **श्री शफी परम्बिल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान वित्त वर्ष के लिए सर्व शिक्षा अभियान योजना हेतु कुल कितनी राशि या निधि आवंटित की गई है और उक्त योजना के अंतर्गत प्रत्येक राज्य और संघ राज्यक्षेत्र का हिस्सा कितना है;
(ख) क्या सरकार ने सर्व शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत वर्तमान वित्त वर्ष और गत वित्त वर्ष के लिए केरल राज्य सरकार के हिस्से का संवितरण कर दिया है;
(ग) यदि हाँ, तो संवितरित की गई निधि की तिथि और मात्रा सहित संवितरण का ब्यौरा क्या है; और
(घ) यदि नहीं, तो सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत निधि का संवितरण नहीं किए जाने के क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क): समग्र शिक्षा योजना के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित धनराशि का केंद्रीय हिस्सा अनुलग्नक में दिया गया है।
(ख) से (घ): समग्र शिक्षा के अंतर्गत सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को योजना के मानदंडों और वित्त मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में, केंद्रीय हिस्से के रूप में 452.04 करोड़ रुपये की धनराशि अनुमोदित की गई है, जिसमें से 4 नवंबर, 2025 को केरल में समग्र शिक्षा के कार्यान्वयन के लिए केरल राज्य को पहली किस्त के रूप में 92.41 करोड़ रुपये पहले ही जारी कर दिए गए हैं।

*****

अनुलग्नक

**सर्व शिक्षा अभियान योजना के अंतर्गत निधि के संबंध में माननीय सांसद श्री शफी परम्बिल द्वारा दिनांक 01.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 146 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**वर्ष 2025-26 के दौरान समग्र शिक्षा के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को आवंटित धनराशि**

**(लाखों में रुपये)**

| क्र.सं | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र को जारी किया जाने वाला केंद्रीय हिस्सा |
|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8939.32 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 140772.43 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 78323.47 |
| 4 | असम | 368806.99 |
| 5 | बिहार | 589656.73 |
| 6 | चंडीगढ़ | 14810.08 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 118482.35 |
| 8 | दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव | 10972.68 |
| 9 | दिल्ली | 55245.42 |
| 10 | गोवा | 2770.98 |
| 11 | गुजरात | 143519.86 |
| 12 | हरियाणा | 84604.25 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 71073.55 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर | 143599.16 |
| 15 | झारखंड | 115690.18 |
| 16 | कर्नाटक | 110332.70 |
| 17 | केरल | 45204.68 |
| 18 | लद्दाख | 22630.62 |
| 19 | लक्षद्वीप | 881.10 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 375084.65 |
| 21 | महाराष्ट्र | 143182.77 |
| 22 | मणिपुर | 59620.04 |
| 23 | मेघालय | 40658.74 |
| 24 | मिजोरम | 33224.04 |
| 25 | नागालैंड | 36020.06 |
| 26 | ओडिशा | 213955.90 |
| 27 | पुडुचेरी | 2126.35 |
| 28 | पंजाब | 86111.96 |
| 29 | राजस्थान | 334568.23 |
| 30 | सिक्किम | 16641.54 |
| 31 | तमिलनाडु | 184722.37 |
| 32 | तेलंगाना | 108827.22 |
| 33 | त्रिपुरा | 50742.20 |
| 34 | उत्तराखंड | 73537.88 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 589243.27 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 199839.46 |
| **कुल** | | **4674423.23** |